चलते कंटेनर में लगी आग, पाया काबू

सौसर (पांढुर्ना), देशबन्धु । सिल्लेवानी घाटी बंजारी माता मंदिर के पास नागपुर-छिंदवाड़ा रोड पर चलते ट्रक के कंटेनर में अचानक आग लगने की घटना सामने आई। ट्रक में रखे पार्सल में लगी आग तेज़ी से फैल रही थी, जिससे एक बड़े हादसे की आशंका थी। सौसर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना टल गई।

सूचना मिलते ही सौसर पुलिस के रूपलाल उइके अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ट्रक को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निर्णय लिया, जिससे सड़क पर किसी अन्य वाहन को नुकसान न पहुंचे।

इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई और जेसीबी मशीन की सहायता से कंटेनर का दरवाजा तोड़ा गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने के लिए पानी का छिड़काव किया और समय रहते ही आग पर नियंत्रण पा लिया।

पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

इस घटना में सौसर पुलिस की सूझबूझ और तत्परता ने एक बड़ी दुर्घटना टल गई अगर समय रहते यह कदम नहीं उठाए जाते, तो ट्रक में रखे सामान के साथ-साथ अन्य वाहन और यात्रियों को भी नुकसान हो सकता था।

स्थानीय लोगों और प्रशासन ने पुलिस व फायर ब्रिगेड की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाती है।

किसानों से कम मूल्य पर फसल खरीद रहे व्यापारी : कांग्रेस

सौसर, देशबन्धु। तहसील कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस के तथावधान में किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ नेगुरुवार को तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सौंपा जिसमें सौसर क्षेत्र में कपास, तुवर, मक्का, तथा अन्य फसले अधिक होती है, किन्तु सरकार द्वारा उन फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदी न करने के कारण किसान परेशान है।

किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ ने समर्थन मूल्य की खरीदी के लिए सौंपा ज्ञापन

क्षेत्र में कपास की फसलों का उत्पादन 90प्रतिशत किसान करते है। परंतु क्षेत्र के अधिकतर किसानों द्वारा कपास की बिक्री करना शेष है। ऐसी स्थिती में सी.सी.आई. की खरीदी तत्काल शुरू करे ताकि किसानो को कपास बेचने में सुविधा प्राप्त हो। क्षेत्र में तुवर की फसल अधिक मात्रा में होती है, जिसका समर्थन मूल्य 7550 रू (सात हजार सात सौ पचास) है लेकिन व्यापारी किसानों से कम मूल्य पर खरीदी कर रहे है।

जिला को-ऑपरेटीव बैंक जो कि सेवा सहकारी समीति के माध्यम से किसानों को ऋण देती है जो माह मार्च तक वसूली होनी है। जिसे माह अप्रैल तक बढ़ाया जायें। क्षेत्र में किसानों द्वारा मूंगफल्ली, मक्का तथा मूंग अधिक बोनी हुई है। जिसके कारण सिचाई का रकबा बढ़ा है जिस हेतु पर्याप्त बिजली मिले।

अत: उपरोक्त मांगों का निराकरण विशेषत: कपास के संबंध में यदि 10 दिवस के भीतर समाधान कारक निराकरण शासन द्वारा नही किया जाता तों हजारों किसानों के साथ तहसील मुख्यालय के सामने तीव्र आंदोलन किया जावेंगा, जिसके जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक चौधरी किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्वे विधानसभा सेवादल अध्यक्ष विट्ठल गायकवाड पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील भांगे झुग्गी झोपड़ी जिला अध्यक्ष हंसराज बारस्कर, अमरीश जायसवाल, राजा कलसकर राजेंद्र नखाते घनश्याम बुले,विलास बुले, वासुदेव वाडकर,मनोज ठाकरे, किशोर ढगे, धोंडबाजी चटप, विनायक गुर्वे,माधव गुर्वे, संपत ईवनाती उपस्थित थे।

सार-समाचार

मानेगांव में मल्लखंब 29 को

गोटेगांव, देशबन्धु। समीपी ग्राम मानेगांव में आगामी 29मार्च को अमर शहीद ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह के शहीद दिवस पर युवा तरुणाई के उत्साहवर्धन हेतु एक दिवसीय गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अमर शहीद ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह स्मारक समिति मानेगांव के अध्यक्ष ठाकुर अजय सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 29मार्च को शहीद दिवस पर अमर शहीद रुद्र प्रताप की जन्म भूमि मानेगांव में मल्लखंब कार्यक्रम का विशाल आयोजन होगा। मल्लखंब, भारत का एक पारंपरिक खेल है. इसमें खिलाड़ी खंभे या रस्सी पर तरह-तरह के करतब दिखाते हैं।ग्राम सरपंच प्रमिला सिंह ने बताया कि एक दिवसीय प्राचीन भारतीय शारीरिक संस्कृति आधारित अभ्यास वर्ग में सागर,जबलपुर और सिवनी से चयनित 60 जिमनास्ट मल्लखंब में लकड़ी के खंभे, बेंत या रस्सी पर हवाई योग आसन का प्रदर्शन करेंगे। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य खेल घोषित मल्लखंब के स्थानीय रुद्र प्रताप स्टेडियम में आगामी 29 मार्च को सायं 4बजे से 7बजे तक होने वाले विशाल आयोजन में जनसमुदाय की अधिकाधिक उपस्थिति का आह्वान किया।

खुशी लोणारे का नवोदय में चयन

रामाकोना, देशबन्धु। ग्राम के एंजेल पब्लिक स्कूल की छात्रा खुशी सुनील लोणारे का सत्र 2024-25 की नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी द्वारा आयोजित परीक्षा मे पास होकर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी के लिए चयन हुआ है । खुशी लोणारे ग्राम रामाकोना के वार्ड क्रमांक 04 निवासी सुनील लोणारे एवं प्रीति लोणारे की पुत्री है । छात्रा का चयन होने पर शाला के संचालक जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्राचार्या रजनी सिंह ठाकुर ने शुभकामनायें दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की । प्राचार्या श्रीमती ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया की लगातार चार वर्षो से इस वर्ष भी एंजेल पब्लिक स्कूल की छात्रा का चयन हुआ है ।

समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 31 तक

सिवनी, देशबन्धु। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन दिनांक 20.01.2025 से 31.03.2025 तक किए जा रहे है, जिसमें आज दिनांक तक जिले में कुल 36081 किसानो द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा गेंहू उत्पादक किसानो से दिनांक 31.03.2025 तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्रों में जाकर पंजीयन की अपील की हैं।

विज्ञान मंथन यात्रा हेतु रामाकोना स्कूल की छात्राएं चयनित

रामाकोना, देशबन्धु । मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 2024- 25 हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना की चार छात्रों का चयन हुआ है।

शाला के विज्ञान प्रभारी चंद्रकांत नाचनकर ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 12वीं विज्ञान से कुमारी गोदावरी रामदास चौधरी, कुमारी कामाक्षी श्रीकृष्णा पातुरकर, कुमारी उज्ज्वल सुरेश क्षीरसागर एवं कुमारी तृप्ति धुर्वे का चयन विज्ञान मंथन यात्रा हेतु हुआ है, जबकि कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान से कुमारी महिमा विट्ठल चौधरी का नाम प्रतीक्षा सूची में है ।

ये छात्राएं आगामी 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित यात्रा में चंडीगढ़ एवं दिल्ली के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक संस्थाओं का भ्रमण करेंगी एवं वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेगी।

विदीत हो कि छिंदवाड़ा - पांढुर्णा संयुक्त जिले से कक्षा 12वीं हेतु मात्र 6 छात्राओं का चयन हुआ जिनमें से चार छात्राएं , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना की है।

छात्राओं के इस चयन पर संस्था प्राचार्य आर डी भकने, सहित समस्त शालेय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुये छात्राओं को बधाई प्रेषित की है।

खुशाली चौहान बनी सिवनी जिला वीरांगना की अध्यक्ष

सिवनी, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, मध्य प्रदेश के अंतर्गत सिवनी जिला वीरांगना का मनोनयन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी सविता गौतम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हो गया सिवनी के आशीर्वाद पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में सिवनी के बारा पत्थर निवासी खुशाली चौहान को सिवनी ज़िले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं । बैंक कॉलोनी निवासी वीणा राजपूत को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। भैरोगंज निवासी संध्या राजपूत को सिवनी जिला वीरांगना का उपाध्यक्ष और आधुनिक कॉलोनी निवासी प्रसून चौहान को सिवनी जिला वीरांगना का महासचिव मनोनीत किया गया । चारों पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया ।

अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉक्टर एम एस सिंह मानस मध्य प्रदेश वीरांगना की अध्यक्ष वंदना सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो रश्मि सिंह बैस के द्वारा मनोनीत तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया है कि आप की अध्यक्षता में सिवनी ज़िले में समाज एवं राष्ट्र हित और संगठन विस्तार के कार्य किए जाएंगे।

सिवनी में गो-तस्करी को लेकर बड़ा खुलासा, थाना प्रभारी और भाजयुमो नेता की ऑडियो क्लिप वायरल

सिवनी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में गो-तस्करी को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मयूर दुबे की दो ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में हिंदूवादी संगठनों के बड़े नेताओं को गो-तस्करी में फंसाने की साजिश रचने की बातचीत सुनाई दे रही है। इतना ही नहीं, मयूर दुबे द्वारा थाना प्रभारी के खाते में पैसे भेजने की बात भी सामने आई है। ऑडियो लीक होने के बाद प्रशासन ने तुरंत थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे को निलंबित कर दिया। वहीं, मयूर दुबे पहले से ही मारपीट के एक मामले में जेल में बंद है।

ये है मामला-यह ऑडियो 14 मार्च के बताए जा रहे हैं। पहला ऑडियो दो मिनट 14 सेकंड और दूसरा एक मिनट 29 सेकंड का है। इसमें टीआई और भाजयुमो नेता के बीच गो-तस्करी को लेकर पैसों के लेन-देन और हिंदू संगठनों के नेताओं को फंसाने की साजिश पर बातचीत हो रही है।

पहले ऑडियो में क्या बातचीत हुई?-मयूर दुबे, थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे से कह रहा है कि गो-तस्करों को चार-पांच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से पैसे भेजने होंगे। वह व्हाट्सऐप पर मैसेज भेजने और कुछ लोगों को पीटने की योजना बना रहा है। बातचीत के दौरान मयूर दुबे किसी बड्डा बघेल नामक व्यक्ति को टीआई से बात कराता है।

दूसरे ऑडियो में क्या बातचीत हुई?-थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे, मयूर दुबे को बता रहा है कि उसने विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों के नेताओं की कथित गलत गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार की है। वह कहता है कि यह रिपोर्ट भाजपा और संघ के वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेज दी गई है। ऑडियो में मयूर दुबे, टीआई को धमकाने वाले अंदाज में बात करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो लीक होते ही प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे को निलंबित कर दिया। सिवनी जिला महाराष्ट्र की सीमा से सटा हुआ है और गो-तस्करी के लिए ट्रांजिट पॉइंट माना जाता है। यहां से 70त्न मामलों में गोवंशीय पशु उत्तर प्रदेश और राजस्थान से नागपुर और हैदराबाद ले जाए जाते हैं।

सुकरी-थांवरी सड़क निर्माण कार्य की मांग

छपारा, देशबन्धु। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत जनपद पंचायत अंतर्गत सुकरी से थांवरी मार्ग जो एक साल से अधूरा पड़ा हैं । ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सड़क में डस्ट, एवं गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है, छोटी पुलिया सड़क में लगाई गई है जंहा जरूरत ही नहीं है । लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग सुकरी ओर थांवरी के नागरिकों ने की है।

बताया गया है कि कुछ पुलियाओं में आईट, साईट सीमेंट की पार नहीं बनाई गई वैसे ही पुलिया बना दिया गया । आने वाले समय में वह टूटे सकती है, कुछ पुलिया मैं भरा पानी खेतों में सिंचाई के उपयोग में लिया जाता है । पुलिया निर्माण कार्य सही ढंग से नहीं हो पाया तो आनेवाले समय में किसानों को खेतों में पानी लेने में दिक्कत हो सकती है जनता की आंखों में धुल झोंककर निर्माण कार्य कराया गया है निर्माण कार्य की जांच संबंधित जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जिला स्तरीय से जांच कारये जाने की मांग की गई हैं, जिसमें साफ हो जाएगा ।

दैनिक राशिफल

शुक्रवार 28 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र-पू. भा.।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

विधायक से मिलने पहुंचे असंगठित कामगार

सौसर, देशबन्धु। क्षेत्रवासियों के रोजगार, बिजली, जल, किसानों, जनसेवा मित्रो, सी.एम. हेल्पलाइन एवं लेबर इंस्पेक्टर के भ्रष्ट्राचार की समस्या तथा क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विधानसभा में आवाज़ बुलंद करने पर नगर सौसर स्थित विधायक निवास पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय चौरे का असंगठित कामगार के कामगारों द्वारा स्वागत सत्कार कर सहृदय आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

श्री चौरे ने कहा की मैंने बजट सत्र के दौरान विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र खैरीतायगांव-बोरगांव में कार्यरत मजदूर साथियों के हक-अधिकारों की आवाज को बड़ी मजबूती के साथ उठाया था। श्रम विभाग के भ्रष्ट अधिकारी का चिट्ठा मंत्री जी के समक्ष रखा था।

सौसर विधानसभा क्षेत्र के सम्मानीय निवासियों द्वारा मुझे पुन: प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद प्रदान किया है मैं पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ सौसर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विधानसभा में मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करता रहूंगा।

आपका प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी ताकत और प्रेरणा है। मैं आपके अटूट विश्वास का प्रतिनिधि हूं और क्षेत्रवासियो की सेवा में निरंतर प्रयासरत हूं।

इस अवसर पर शुभ नारायण ठाकुर, विलास यादव,हसीन अंसारी,पिन्टू सिंह,राजू प्रसाद, आनंद सिंह,राजेश कुमार,अजय साहू आदि उपस्थित रहे।

घरों में नलों से पहुंच रहा गंदा पानी, बीमार हो रहे लोग

लोधीखेड़ा, देशबन्धु। नगर के कई वार्डों मे आम नागरिकों को गंदा दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। पानी इतना गंदा है कि उसमें बदबू आ रही है और स्वाद भी बदल गया है। जिससे जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

वार्ड नं. 3,4,5 में यह समस्या बीते एक पखवाड़े से बनी हुई हैं । गंदा पानी पीने से परेशान नागरिकों ने वार्ड पार्षद से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या से अवगत कराया मगर समस्या जस की तस बनी हुई है । वार्ड क्रमांक 3 के दीपक उर्फ भोला मोरे ने बताया कि 15 दिनों से नलों से गंदा पानी आ रहा है, जो पीने लायक ही नही है। उसे मजबूरन पीना पड़ रहा है। जिसको लेकर वार्ड पार्षद सहित नगर पंचायत अधिकारी को इस समस्या से अवगतल कराया है किंतु उक्त समस्या का अभी तक हल नहीं निकला हुआ है और हम गंदा पानी पीने मजबूर है।

वार्ड 4 की महिला ने बताया कि नलों से जो पानी आ रहा है वह बदबूदार आ रहा है । मोहम्मद कदीर ने बताया कि विगत 15 दिनों से यह समस्या बनी हुई है गंदा पानी पीने से घर के लोग बीमार हो रहे हैं, अभी भी घर में दो लोग बीमार पड़े हुए हैं। वार्ड 5 के रहवासियों का कहना है कि घरों में 15 दिनों से नलों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है, जिसे पीने से उल्टी, दस्त की शिकायत हो गई है और घर के लोग बीमार हो रहे हैं7। वार्ड वासियों ने यह भी बताया कि उक्त समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत अधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन समस्या यथावत बनी हुई है।

इस सबंध में जल विभाग के सभापति रूपेश बागडे ने कहां कि,उक्त समस्या को लेकर न.पं. अधिकारी को अवगत किया गया है, जिसका जल्द ही निराकरण किया जायेंगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार बघेल ने बताया कि पाईप लाईन का सुधार कार्य चल रहा है । वार्ड 03 के सक्रिय पार्षद व सभापति शैलेंद्र जायसवाल का कहना है कि नगर पंचायत के अधिकारी के द्वारा जारी मनमानी के चलते यह समस्या निर्मित हुई हैं, इसको लेकर जनता के सहयोग से जन आंदोलन किया जाएगा।